शेरोवाली माँ द्वार दया के खोल भजन लिरिक्स

शेरोवाली माँ,
द्वार दया के खोल,
मेहरोवाली माँ,
द्वार दया के खोल,
तुझे पुकारे बालक तेरा,
कुछ तो मुख से बोल,
शेरावाली माँ,
द्वार दया के खोल।bd।

तू जो मैया रूठेगी तो,
और कहाँ मैं जाऊँ,
चरणों के तेरे धूल हूँ मैं,
चरणों में तेरे रम जाऊं,
बिच भंवर में नैया मेरी,
आज रही है डोल,
शेरावाली माँ,
द्वार दया के खोल।bd।

तेरे भरोसे छोड़ दिया है,
मैंने आज जमाना,
आँचल में रख लेना मुझको,
मेहर जरा कर जाना,
दु:ख से भरा ये जीवन मेरा,
सुख से दे तू तोल,
शेरावाली माँ,
द्वार दया के खोल।bd।

एक झलक दिखला दे मैया,
और नहीं कुछ भाए,
मतलब के रिश्ते सारे,
यहाँ कोई निकट ना आए,
'पूनम' से तेरा रिश्ता माँ,
हो जाए अनमोल,
शेरावाली माँ,
द्वार दया के खोल।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा ही गुणगान करूँ माँ,
हरपल शाम सवेरे,
'बबलू' पे किरपा बरसाओ,
दूर करो ये अँधेरे,
कोई बजाए ताशे मैया,
कोई बजाए ढोल,
Bhajan Diary,
शेरावाली माँ,
द्वार दया के खोल।bd।

शेरोवाली माँ,
द्वार दया के खोल,
मेहरोवाली माँ,
द्वार दया के खोल,
तुझे पुकारे बालक तेरा,
कुछ तो मुख से बोल,
शेरावाली माँ,
द्वार दया के खोल।bd।

Singer – Poonam Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com